**स्पाईसेस बोर्ड**
**(वाणिज्य एवं उद्‌योग मंत्रालय, भारत सरकार)**
**सुगंध भवन, एन.एच. बाई पास,**
**पालारिवट्टम. पी.ओ., कोच्ची - 682025**
**टेलीफोन: 0484-2333610 से 616 तक, 2347965**

# स्पाइसेस बोर्ड में संविदा आधार पर लिपिकीय सहायकों के रूप में सेवानिवृत्त व्यक्तियों की नियुक्ति

स्पाइसेस बोर्ड मुख्यालय, कोच्ची तथा इसके बाहरी कार्यालयों में संविदा आधार पर दो वर्ष की अवधि या 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, के लिए लिपिकीय सहायकों के रृप में नियुक्ति के लिए केंद्/राज्य सरकार विभाग/सार्वजनिक उपक्रमों/स्वायत्त निकाय/पण्य बोर्डों से सेवानिवृत्त कर्मचारियों से आवेदन आमंत्रित करता है। नियुक्ति का विस्तृत निबंधन और शर्तें **अनुबंध I** के रूप में संलग्न है। पात्रता मानदंड एवं अन्य विवरण निम्नानुसार हैं:

**<u>अनुसचिवीय कर्मचारी वर्ग</u>**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्यालयवार अपेक्षा/समनुदेशन का स्थान | **कार्यालयों के नाम** | **अपेक्षित आवश्यकता** |
| | | मुख्यालय, कोच्ची | 10 नंबर |
| | | प्रादेशिक कार्यालय, चेन्नई | 2 नंबर |
| | | प्रादेशिक कार्यालय, मुंबई | 2 नंबर |
| | | प्रादेशिक कार्यालय, बोदिनायकनूर | 2 नंबर |
| | | भारतीय इलायची अनुसंधान संस्थान, मैलाडुमपारा | 2 नंबर |
| 2 | पात्रता | 1.वह केंद्/राज्य सरकार विभाग/सार्वजनिक उपक्रमों/स्वायत्त निकाय/अधिमानत: पण्य बोर्डों से लिपिकीय कार्य करने के पर्याप्त अनुभव वाले सेवानिवृत्त कर्मचारी होना चाहिए/होनी चाहिए।<br>2.उसको प्रभावशाली संचार एवं वैयक्तिक कैशल होना चाहिए।<br>3.उसको एम एस ऑफिस, ई-मेल एवं इंटरनेट के साथ | |

| | | |
|---|---|---|
| | | कंप्यूटर में कार्यसाधक ज्ञान होना चाहिए। |
| 3 | शैक्षिक योग्यताएँ | स्नातक की उपाधि |
| 4 | आयु सीमा | 64 वर्ष से कम |
| 5 | पारिश्रमिक | प्रति माह 25,000/- रुपए (समेकित) |

**चयन का तरीका :** शोर्टलिट किए गए उम्मीदवारों को बोर्ड द्वारा संबंधित स्थानों में साक्षातकार के लिए बुलाए जाएग। साक्षात्कार में अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों के एक पैनल बनाया जाएगा और बोर्ड की आवश्यकता के अनुसार लिपिक सहायक के रूप में नियुक्त किया जाएगा। उल्लिखित प्रत्येक कार्यालय के लिए अलग पैनल/रैंक सूची तैयार किया जाएगा और पैनल की वैधता दो वर्ष होगी और इसके अतिरिक्त आवशयक लिपिकीय सहायकों को अनुमोदित पैनल से नियुक्त किए जाऐंगे। इच्छुक सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी जिनको उपरोक्त योग्यता एवं अनुभव, अच्छा स्वास्थ हैं और जो तुरंत शामिल करने के लिए तैयार हैं, अपना आवेदन दिए गए फोर्मेट में योग्यता एवं अनुभव के समर्थन में संगत दस्तावेज़ों के साथ **01.07.2022** को या उससे पहले **hrdatp.sb-ker@gov.in** में भेज सकते हैं। आवेदन की हार्ड कॉपी सचिव, स्पाइसेस बोर्ड, कोच्ची को **08.07.2022** को या उससे पहले प्रस्तुत कर सकते हैं।

**निदेशक(प्रशासन)**

तारीख: 10.06.2022

**उम्मीदवारों के लिए अनुदेश:**

- आवेदन करने से पहले उम्मीदवारों के यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उपरोक्त उल्लिखित पद के लिए पात्रता मानदंड को पूरा करता है या नहीं।
- उम्मीदवार अपना आवेदन निम्नलिखित क्रम में एक एकल पीडीएफ के रूप में भेज सकते हैं (क)अनुबंध-II (ख)शैक्षिक योग्यताएँ(कालक्रमानुसार) (ग)पहचान प्रमाण (घ)अनुभव प्रमाणपत्र, (ङ)सुसंगत दस्तावेज़ यदि कोई है तो।
- आवेदन, जो सहायक दस्तावेज़ों के साथ अधिसूचना के अनुबंध-II के अनुसार निर्धारित फॉर्मेट में प्राप्त नहीं होता है, उनपर विचार नहीं किया जाएगा।

- साक्षात्कार के लिए शोर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों की सूची बोर्ड की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। साक्षात्कार के स्थान और तारीख यथासमय सूचित की जाएगी।
- प्रत्येक कार्यालय के लिए अलग शॉर्टलिस्ट/रैंक लिस्ट/पैनल तैयार किया जाएगा और तदनुसार चयन किया जाएगा। इसलिए आवेदक को समनुदेशन के स्थान का चयन ध्यानपूर्वक करें। एक बार चुन लेने के बाद इसे बदला नहीं जा सकता है।
- उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि स्पाईसेस बोर्ड से संचार प्राप्त करने के लिए वे उपना ई-मेल आई डी सक्रिय रखें।
- यदि भर्ती के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और/या उसने कोई गलत/झूठी जानकारी दी है या किसी महत्वपूर्ण तथ्य (तथ्यों) को छुपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द मानी जाएगी। यदि चयन के बाद भी इनमें से कोई भी कमी पाई जाती है, तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं।
- किसी भी तरह का अनुयाचन अयोग्यता होगी।
- आयु, योग्यता आदि के संबंध में आवेदकों की पात्रता 01.07.2022 के अनुसार निर्धारित की जाएगी।
- साक्षात्कार में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों के लिए कोई यात्रा भत्ता/महंगाई भत्ता नहीं दिया जाएगा।
- उम्मीदवारों को, अद्यतन सूचना हेतु बोर्ड की वेबसाइट www.indianspices.com में अधिसूचना/अवसर जांच करने और किसी तीसरी पार्टी की वेबसाइट पर भरोसा न करने की सलाह दी जाती है।

चयन प्रक्रिया स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, ग़भारत सरकार कोविड-19 नयाचार/दिशा-निर्देशों के अनुसार आयोजित की जाएगी।

**अनुबंध-I**

## स्पाइसेस बोर्ड में लिपिकीय सहायक की नियुक्ति के लिए निबंधन और शर्तें

1. लिपिकीय सहायक को देय पारिश्रमिक प्रति माह 25,000/- रुपए (नियत) होंगे। लिपिक सहायक द्वारा आहरित कुल मासिक पारिश्रमिक और पेंशन उनके द्वारा ली गई अंतिम वेतन, जिसकी गणना महंगाई भत्ते की वर्तमान दरों पर की गई हो, से अधिक नहीं होंगे।

2. एक महीने में प्रदान की गई सेवाओं के लिए पारिश्रमिक उत्तरवर्ती महीने में देय होगा।

3. नियुक्ति की अवधि प्रारंभ में एक वर्ष केलिए होगी और उनके निष्पादन के आधार पर अपेक्षा के अनुसार आगे एक और वर्ष केलिए बढ़ाई जा सकती है।

4. लिपिकीय सहायक, महंगाई भत्ता, परिवहन सुविधा, आवासीय व्यवस्था, निजी स्टाफ, सीजीएचएस तथा चिकित्सा प्रतिपूर्ति आदि जैसे किसी भी प्रकार के भत्ते या आवास-सुविधा प्राप्त होने के हकदार नहीं होंगे।

5. साक्षात्कार, कार्य में शामिल होने या इसके पूरा होने के लिए कोई यात्रा भत्ता / महंगाई भत्ता ग्राह्य नहीं होगा। फिरभी, यदि बोर्ड के कार्यालयीन काम के सिलसिले में, उन्हें देश के अंदर यात्रा करना अपेक्षित है तो, जिस ग्रेड से वे सेवानिवृत्त हुए थे, उसी ग्रेड के नियमित पदाधिकारी केलिए ग्राह्य यात्रा भत्ते/महंगाई भत्ते का, सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन प्राप्त करने के बाद, भुगतान किया जाएगा।

6. कार्य समय: लिपिकीय सहायक निर्धारितानुसार कार्यालय के साधारण कार्य समय का अनुसरण करेगा (अर्थात् सुबह 9.00 बजे से सायं 5.30 बजे तक)। वैसे, अनिवार्य मामलों में, उनको समयबद्ध कार्य को पूरा करने के लिए शनिवार और कार्यालय समय के बाद भी काम करना पड़ सकता है।

7. पेंशन का आहरण: लिपिकीय सहायक के रूप में नियुक्त एक सेवानिवृत्त अधिकारी लिपिकीय सहायक के रूप में के रूप में अपनी नियुक्ति की अवधि के दौरान पेंशन और पेंशन पर महंगाई राहत आहरित करना जारी रखेगा। लिपिकीय सहायक के रूप में उनकी नियुक्ति को पुनर्नियोजन मामले के रूप में नहीं माना जाएगा।

8. अवकाश: सथानुपात आधार पर लिपिकीय सहायक एक कलेंडर वर्ष यथानुपात आधार पर, आठ(08) दिनों के अवकाश केलिए पात्र होंगे। लिपिक सहायकों को अनुमेय अवकाश की अधिकता में अनुपस्थिति की अवधि केलिए कोई पारिश्रमिक नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा, अनुपयुक्त अवकाश को न अगले वर्ष केलिए अग्रेनीत किया जाएगा, न ही उसका नकदीकरण किया जाएगा।

9. स्रोत पर कर कटौती (टी डी एस): ग्राह्य के अनुसार, टीडीएस को लिपिक सहायक के मासिक पारिश्रमिक से काट दिया जाएगा। मांग करने पर, बोर्ड द्वारा टीडीएस प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा।

10. स्पाइसेस बोर्ड के साथ उनके कार्य की अवधि के दौरान और उसके बाद भी, यह संभावना है कि वे महत्वपूर्ण / गोपनीय प्रकृति की कुछ जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। वे अपने कार्य की अवधि के दौरान उनके द्वारा एकत्रित की गई कोई भी जानकारी किसी ऐसे व्यक्ति से प्रकट नहीं करेंगे, जो उसे जानने/प्राप्त करने के लिए अधिकृत नहीं है।

11. स्पाइसेस बोर्ड, जरूरत पड़ने पर, कोई नोटिस जारी किए बिना या कोई कारण बताए बिना, चयन प्रक्रिया को संशोधित / परिवर्तित / प्रतिबंधित / बढ़ाने / रद्द करने का अधिकार रखता है। बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा और इस मुद्दे के खिलाफ किसी भी अपील पर विचार नहीं किया जाएगा।

12. नियुक्ति का समापन: स्पाइसेस बोर्ड निम्नलिखित स्थितियों में लिपिकीय सहायकों की नियुक्ति समाप्त करेगा:

(क) लिपिक सहायक निर्दिष्ट कार्य करने में असमर्थ है;

(ख) कार्य की गुणवत्ता बोर्ड की संतुष्टि के अनुरूप नहीं है;

(ग) बोर्ड द्वारा तय किए गए अनुसार लक्ष्यों की समय पर उपलब्ध कराने में लिपिक सहायक विफल रहता है

(घ) लिपिक सहायकों में ईमानदारी और सत्यनिष्ठा का अभाव पाया जाता है।

नोट: बोर्ड को पास लिपिकीय सहायक को पंद्रह (15) दिनों की लिखित सूचना प्रदान करते हुए नियुक्ति समाप्त करने का अधिकार रखता है। यह समाप्ति, ऐसी सूचना की सुपुर्दगी के पंद्रह (15) दिनों के पूरा होने के बाद ठीक अगले दिन से प्रभावी होगी।

..................

**Annexure-II**

Application Form -Engaging as Clerical Assistant on contract basis in the Spices Board (Ministry of Commerce & Industry, Department of Commerce)

| Affix recent passport size photograph |
|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | Name of the position applied for | Clerical Assistant | |
| 2 | Full Name (In block letters) | | |
| 3 | Father's/Husband's Name | | |
| 4 | Date of Birth and Gender | | |
| 5 | Category | SC/ST/OBC/UR - | |
| 6 | Contact details | Mobile No/Tel No | |
| | | Email ID | |
| 7 | Address for communication | | |
| | | Pin code | |
| 8 | Age as on **01.07.2021** | | |
| 9 | Educational Qualification | | |

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| 10 | Experience (Details with supporting documents) | |
| 11 | Date of joining of Government service | |
| 12 | Date of retirement | |
| 13 | Designation and office from which retired | |
| 14 | Last Pay drawn | |
| 15 | PPO No.(Please attach copy of PPO) | |
| 16 | Monthly Pension | |
| 17 | Educational qualification (enclose copy of self attested copy of certificates) | |
| 18 | Details of computer knowledge | |
| 19 | Brief particulars of experience in the format below in a separate sheet(Please attach supporting documents) | |

Format for furnishing details of experience

| Sl. No. | Designation and office in which service rendered | Department/ Section | Period | | Nature of work | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | From | To | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

I hereby declare that the particulars furnished above are true and correct to the best of my knowledge and belief. I understand and agree that in the event of any information given above found false or incorrect/incomplete or ineligibility being detected at any time before or after the selection/interview, my candidature is liable to be rejected and I shall be bound by the decision of the Spices Board. I have read all the terms and conditions above and I am ready to accept all the terms and conditions for engagement of Clerical Assistants.

Signature :

(Full name of the applicant) :

Place:

Date: